निदेशक का कार्यालय
केट ब्राउन, गवर्नर

500 Summer St NE E20
Salem OR 97301
फ़ोन: 503-947-2340
फैक्स: 503-947-2341

13 अगस्त 2020

राज्यव्यापी मास्क, फेस कवरिंग, फेस शील्ड मार्गदर्शन

यह मार्गदर्शन विशेष रूप से मास्क, फेस कवरिंग यां फेस शील्ड पहनने के लिए है।

प्राधिकार: शासकीय आदेश सं. 20-27, पैराग्राफ 9 और 21, ओआरएस 433.443, ओआरएस 431A.010

प्रयोजनीयता: यह मार्गदर्शन समूचे राज्य में निम्न के लिए लागू होता है:

- सभी व्यापार, जैसा कि नीचे स्पष्ट किया गया है।
- आम जनता के लिए खुले इंडोर स्थानों के लिए ज़िम्मेदार सभी व्यक्ति।
- आम जनता के लिए खुले आउटडोर स्थानों के लिए ज़िम्मेदार सभी व्यक्ति।
- आम जनता जब:
    - व्यापारों का दौरा करते हैं, जैसा कि नीचे स्पष्ट किया गया है;
    - आम जनता के लिए खुले इंडोर स्थानों का दौरा करते हैं; और
    - आम जनता के लिए खुले आउटडोर स्थानों का दौरा करते हैं।

अमल: इस मार्गदर्शन को इसकी सीमा तक कुछ निर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार होना आवश्यक है, यह लागू करने योग्य है, जैसाकि शासकीय आदेश 20-27, पैराग्राफ 26 में उल्लेख किया गया है।

प्रभावी दिनांक: 13 अगस्त 2020

अन्य व्यापारों और क्षेत्रों के लिए आवश्यकताएं: ऐसी मास्क, फेस शील्ड और फेस कवरिंग आवश्यकताएं और सिफारिशें हो सकती हैं, जो ऐसे अन्य व्यापार या क्षेत्रों पर लागू होती हैं, जिनकी विशेषरूप से पहचान इस मागदर्शन में नहीं किया गया है। व्यापार और क्षेत्रों को अन्य लागू क्षेत्र मार्गदर्शन, जो लागू हो सकती हैं, की किन्हीं मास्क, फेस शील्ड, फेस कवरिंग आवश्यकताओं की समीक्षा करनी चाहिए और उनका अनुपालन करना चाहिए।
इस मार्गदर्शन के उद्देश्यों के लिए निम्न परिभाषाएं लागू होती हैं:

- "व्यापार" का मतलब है:
    - किराने की दुकान
    - फिटनेस संबंधी संगठन
    - इंडोर और आउटडोर मनोरंजन सुविधा ऑपरेटर्स (चिड़ियाघर, म्यूज़ियम, ड्राइव-इन मूवी थिएटर, रेसवेज़, आउटडोर गार्डन और एक्वेरियम)
    - आउटडोर मनोरंजन संगठन

- दवाई की दुकानें
- सार्वजनिक यात्रा एजेंसियां और प्रदाता
- निजी सेवा प्रदाता
- रेस्टोरेंट, बार, ब्रुअरीज, ब्रूपब, वाइनरी, टेस्टिंग रूम और डिस्टिलरीज
- रिटेल स्टोर्स, शौपिंग सेंटर और मॉल
- राइड शेयरिंग सेवाएं
- सिर्फ दो काउंटी में:
  - इंडोर और आउटडोर लाइसेंसधारी स्विमिंग पूल, लाइसेंसधारी स्पा पूल और स्पोर्ट्स कोर्ट ऑपरेटर
  - इंडोर और आउटडोर मनोरंजन सुविधा ऑपरेटर्स
  - विशिष्ट स्पोर्ट्स के लिए इंडोर और आउटडोर मनोरंजक स्पोर्ट्स ऑपरेटर्स
  - इंडोर और आउटडोर आयोजन स्थल ऑपरेटर्स

- “फेस कवरिंग” का मतलब है, एक कपड़े का, कागज़ का या डिस्पोजेबल फेस कवरिंग, जो नाक और मुंह को ढकता है।
- “फेस शील्ड” का मतलब है, एक स्पष्ट प्लास्टिक शील्ड, जो माथे को ढकता है, ठुड्डी के नीचे तक होता है, और पूरे चेहरे को ढकता है।
- “फिटनेस संबंधी संगठन” में जिम, फिटनेस सेंटर, निजी प्रशिक्षण, डांस स्टूडियो, और मार्शल आर्ट्स सेंटर शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।
- “आम जनता के लिए खुले इंडोर स्थान” में इंडोर स्थान, चाहे सार्वजनिक स्वामित्व में हो या निजी स्वामित्व में, शामिल हैं, अपने अधिकार से या निमंत्रण पर व्यक्त या अन्तर्निहित हो, जहाँ जनता को एक्सेस है, चाहे वह पैसे देकर हो या बिना पैसे के। ऊपर निर्दिष्ट व्यापार के सार्वजनिक क्षेत्रों के अतिरिक्त, ऐसे स्थानों में बिल्डिंग लॉबी या सामूहिक स्थान, एलीवेटर, बाथरूम, और निजी घरों के बार भवन या मीटिंग रूम, जहाँ लोग सामाजिक, नागरी, सांस्कृतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए एकत्रित होते हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।
- “मास्क” का मतलब है, एक मेडिकल ग्रेड मास्क।
- “आम जनता के लिए खुले आउटडोर स्थान” का मतलब है, आउटडोर स्थान, जहां, चाहे आम जनता के स्वामित्व के हों या निजी स्वामित्व के, विभिन्लोन घरों में लोगों के बीच कम से कम छह (6) फुट की दूरी बनाई रखी नहीं जा सकती हो, अपने अधिकार से या निमंत्रण पर व्यक्त या अन्तर्निहित हो, जहाँ जनता को एक्सेस है, चाहे वह पैसे देकर हो या बिना पैसे के।
- “निजी सेवा प्रदाता” का मतलब है, नाई की दूकान, हेयर सलून, एस्थेटिशियन प्रैक्टिस, मेडिकल स्पा, फेसिअल स्पा और डे स्पा, नॉन-मेडिकल मसाज थेरेपी सेवाएं, नेल सलून, टैनिंग सलून, और टैटू/पिएर्सिंग पार्लर।

व्यापार एवं आम जनता के लिए खुले इंडोर/आउटडोर स्थान:

आम जनता के लिए खुले व्यापारों और किसी इंडोर या आउटडोर स्थान के लिए ज़िम्मेदार व्यक्तियों को चाहिए कि:

- उनके कर्मचारी, ठेकेदार, स्वयंसेवक, ग्राहक और मुलाकाती, निम्न को छोड़कर, मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहन लें।
    - कर्मचारी, ठेकेदार और स्वयंसेवक: मास्क, फेस कवरिंग या फेस शील्ड की आवश्यकता तब नहीं है, जब किसी स्थान पर/में कर्मचारी, ठेकेदार या स्वयंसेवक का ऐसा कोई काम नहीं है, जिसके लिए लोगों के साथ संपर्क करने की आवश्यकता होती है, जैसे कि बड़ा वेयरहाउस **<u>और</u>** दूसरे लोगों के बीच कम से कम छह (6) फुट की दूरी बनाई रखी जा सकती है। किसी रेस्टरूम या ब्रेकरूम जैसी जगहों में जब छह (6) फुट की दूरी बनाई रखी नहीं जा सकती, मास्क, फेस कवरिंग या फेस शील्ड पहनने की आवश्यकता होती है।
    - खाते या पीते समय, मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग की आवश्यकता नहीं है।
    - किसी गतिविधि को करते समय, जैसे तैराकी करते समय, जब मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहनना संभव नहीं हो पाता, मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग की आवश्यकता नही है।
- कर्मचारियों को मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग मुहैया कराएं।
- यदि निम्न के लिए आवश्यक है, तो कर्मचारियों, ठेकेदारों, ग्राहकों और मुलाकातियों को आवास उपलब्ध कराएं:
    - अपंग अमेरिकी अधिनियम (एडीए), जो रोजगार में भेदभाव से लोगों का संरक्षण करता है और जिसके अनुसार नियोक्ताओं को आवास का प्रबंध करने के लिए इंटरैक्टिव प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है, समेत राज्य तथा संघीय अपंगता क़ानून, यदि लागू हो।
    - राज्य या संघीय श्रम कानून।
    - सभी व्यक्तियों को सेवाओं, परिवहन और आम जनता के लिए खुली सुविधाओं की सामान पहुँच दिलाने वाले राज्य और संघीय सार्वजनिक आवास कानून।
    - यदि लागू हो, ओएचए सार्वजनिक स्वास्थ्य मार्गदर्शन।
- मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग की आवश्यकताओं के बारे में स्पष्ट संकेत प्रदर्शित करें।

किसी आम जनता के लिए खुले व्यापारों और किसी इंडोर या आउटडोर स्थान के लिए ज़िम्मेदार व्यक्तियों को करना चाहिए, लेकिन आवश्यकता नहीं है, कि:

- ग्राहकों और मुलाकातियों को, जिनके पास नहीं है, मुफ्त में फेस कवरिंग उपलब्ध कराएं।
- मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग आवश्यकताओं के बारे में उन भाषाओं मेंसंकेत प्रदर्शित करें , जो भाषाएँ ग्राहकों और मुलाकातियों द्वारा आमतौर पर बोली जाती हैं।
- कर्मचारियों को इस बारे में सिखाएं:
    - कि जो लोग मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहन नहीं सकते, उन लोगों के साथ सुरक्षित रूप से कैसे काम करें और संपर्क करें।
    - कि उन्हें ऐसे किसी व्यक्ति के साथ संपर्क करते समय मास्क या फेस कवरिंग के स्थान पर फेस शील्ड जैसे ट्रांसपेरेंट यानि पारदर्शी कवर पहनना चाहिए, जिन्हें संचार करने के लिए होंठों को देखने या चेहरे की हाव-भाव देखने की आवश्यकता होती हैं।

सार्वजनिक और निजी कार्यालय स्थान:

- जब तक कि कर्मचारी व्यक्तिगत कार्य स्थलों में या बैठक कक्षों में न हों, जहाँ दूसरे लोगों के साथ नियमित रूप से छह फुट (6) की दूरी बनाए रखी जा सकती है, कर्मचारियों के लिए हॉलवे, बाथरूम, एलीवेटर, लॉबी, ब्रेक रूम जैसे सार्वजनिक और निजी कार्यालयी स्थानों में और अन्य सामूहिक स्थानों पर मास्क, फेस कवरिंग या फेस शील्ड आवश्यक है।

जनता:

आम जनता के लिए खुले किसी व्यापार और किसी इंडोर या आउटडोर स्थान पर जाते समय, सभी व्यक्तियों को चाहिए कि वे:

- निम्न को छोड़कर, जब तक कि को व्यक्ति की उम्र पांच (5) वर्ष से कम न हो, मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहनें:
  - खाते या पीते समय मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग की आवश्यकता नहीं है।
  - तैरने जैसी किसी गतिविधि को करते समय, जब मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहनना संभव नहीं हो पाता, मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग की आवश्यकता नही है।
  - जब किसी बैंक में या कानून प्रवर्तन के साथ बातचीत करने जैसी स्थितियों में चेहरे की तुलना करके पहचान की पुष्टि करने की आवश्यकता होती है, मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग थोड़े समय के लिए उतारे जा सकते हैं। यदि संभव हो, तो कवर न पहनने की स्थिति में बोलना कम करें, क्योंकि बोलने से एयरोसोल उत्पन्न होते हैं, जिनके अंदर वायरस हो सकते हैं।

ऐसे व्यक्ति, जिनकी स्वास्थ्य स्थिति कुछ ऐसी है कि उनके लिए मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहनने से सांस लेना मुश्किल हो जाता है या उन्हें कुछ ऐसी अपंगता है, उस व्यापार या इंडोर/आउटडोर स्थान ऑपरेटर से आम जनता के लिए खुली सेवाओं, परिवहन और सुविधाओं का पूरा एक्सेस प्राप्त करने के लिए आवास का अनुरोध कर सकते हैं।

0 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए:

- दो (2) वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग लगाना आवश्यक नहीं है।
- इस बात की सख्त सिफारिश की जाती है कि दो (2) से पांच (5) वर्ष की आयु के बच्चे आम जनता के लिए खुले सभी इंडोर और आउटडोर स्थानों पर हमेशा मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहनें, विशेषकर, उन स्थानों पर, जहां इस बात की संभावना हो कि दूसरे लोगों से कम से कम छह (6) फुट की भौतिक दूरी बनाए रखा नहीं जा सकता, और जहां कमज़ोर लोग जा सकते हैं।
- क्योंकि दो (2) से 12 वर्ष की उम्र वाले बच्चों को मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग सही ढंग से पहनने में दिक्कतें हो सकती हैं (जैसे कि, फेस कवरिंग को बार-बार छूना, गंदा दिखने के बाद भी फेस कवरिंग नहीं बदलना, सांस में रुकावट या दम घुटना आदि), हम इस बात पर बहुत ज़ोर देते हैं कि इस उम्र वाले बच्चे किसी वयस्क की सहायता और गहन निगरानी से मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहनें। बच्चों को कभी भी सोते समय मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग नहीं पहनना चाहिए।
- यदि विभिन्न घरों में लोगों के बीच कम से कम छह (6) फुट की दूरी बनाई रखी नहीं जा सकती, जनता के लिए खुले आउटडोर स्थान पर जाते समय पांच (5) वर्ष और उससे बड़े बच्चों को मास्क, फेस शील्ड या फेस कवरिंग पहनना ही चाहिए।

- अन्य क्षेत्रों के लिए भी बच्चों से संबंधित मास्क, फेस शील्ड और फेस कवरिंग आवश्यकताएं और सिफारिशें हो सकती हैं। शिशु देखभाल, स्कूल और समर कैंप स्थानों समेत अन्य क्षेत्र मार्गदर्शनदेखें।

अतिरिक्त संसाधन

- आम जनता के लिए ओएचए मार्गदर्शन
- नियोक्ताओं के लिए के लिए ओएचए मार्गदर्शन
- ओएचए क्षेत्र-विशिष्ट मार्गदर्शन
- राज्यव्यापी मास्क, फेस शील्ड, फेस कवरिंग मार्गदर्शन के लिए ओएचए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
- ओरेगान ओएसएचए COVID-19 कार्यस्थल परामर्श मेमो
- एडीए और फेस मास्क नीतियाँ – अपंगता मामला संक्षिप्त-विवरण
- आरंभिक शिक्षा प्रभाग COVID-19 संसाधन
- ओरेगान शिक्षा संसाधन विभाग

दस्तावेज़ उपलब्धता: अपंग व्यक्तियों या अंग्रेज़ी के अतिरिक्त कोई दूसरी भाषा बोलने वाले व्यक्तियों के लिए, ओएचए अनुवाद, बड़े प्रिंट, या ब्रेल जैसे वैकल्पिक फॉर्मेटों में जानकारी उपलब्ध करा सकता है। मावेल मोरालेस से 1-844-882-7889, 711 TTY या OHA.ADAModifications@dhsoha.state.or.us पर संपर्क करें।